**प्रारूप–6**

**परियोजना का नाम** :– जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र बद्रीनाथ के विकासखण्ड़ पोखरी के अन्तर्गत थलगढ़–डाडौं मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 1.8235 है० वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

**प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट**

आज दिनांक 01.11.2018 को नि०ख०, लो०नि०वि० पोखरी के द्वारा जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र बद्रीनाथ के विकास खण्ड पोखरी के अन्तर्गत थलगढ़–डाडौं मोटर मार्ग निर्माण के कि0मी0 0.00 से प्रारम्भ होकर कि०मी० 4.00 तक प्रस्तावित मार्ग/परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री पंचम सिंह कण्डारी (वन दरोगा, जखमाला, नागनाथ रेंज पोखरी), मोहन सिंह बर्त्वाल (वन बीट अधिकारी, जखमाला, नागनाथ रेंज पोखरी), केशव लाल (वन दरोगा, मसोली, नागनाथ रेंज पोखरी), संपत सिंह रावत (वन बीट अधिकारी, मसोली, नागनाथ रेंज पोखरी) राजस्व विभाग की ओर से श्री मनोज बर्त्वाल (राजस्व उपनिरीक्षक, मसोली) प्रस्ताव विभाग की ओर से श्री कुलदीप रावत (अ०स०अभि०), रजनीश सैनी (अमीन) अन्य दावेदारों की ओर से स्थानीय प्रतिनिधि के रूप में श्री हुकम सिंह नेगी (ग्राम प्रधान कलसीर) के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखण के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखण के चयन हेतु भाग लिया गया।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यियता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 1475 मी0 नाप भूमि से, 2225 मी0 वन पंचायत से, 300 मी0 आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में नाप भूमि 1.0325 है०, वन पंचायत भूमि 1.5575 है०, आरक्षित वन भूमि 0.21 है० एवं मक डिस्पोजल हेतु 0.056 है०, कुल 2.8535 है० भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 127 वृक्ष परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 27 वृक्ष बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपर्युक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुनी गयी वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

इस समरेखण पर/चुने गये स्थल पर जो वृक्ष इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे तथा जिनका पातन किया जाना है, उनकी सूची संलग्न है।

समरेखन के प्रारम्भिक स्थल का GPS मान 79°12'44.17 " E, 30° 25' 51. 52 " N तथा समरेखण के अन्तिम स्थल का GPS मान 79° 12' 46.27" E, 30° 26' 47.45" N है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्यजीव अभ्यारण्य का हिस्सा है/नहीं है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन होगा/नहीं होगा ।

चयनित उपर्युक्त स्थल पर 1.8235 है० के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उनके निस्तारण हेतु 4 स्थल उपयुक्त पाये गये है। जिनका GPS मान (79° 12' 44.13 " E, 30° 25' 51.53 " N), (79° 12' 43.39" E, 30° 26' 21.70 " N), (79° 12' 37.06 " E, 30° 26' 31.36 " N), (79° 12' 46.07 " E, 30° 26' 36.83 " N) हैं।

| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| (प्रयोक्ता एजेन्सी) | (वन विभाग) | (राजस्व विभाग) | (जनप्रतिनिधि) |
| प्रतिनिधि | प्रतिनिधि | प्रतिनिधि | प्रतिनिधि |